# भारत की राष्ट्रपति

# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

# का

# न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय के लए आयोजित स्वागत समारोह में संबोधन

**Auckland, 9 August, 2024**

आप सभी को भारत में आपके भाइयों और बहनों की ओर से हार्दिक अभनंदन! Auckland में ऐसे जीवंत और ओजस्वी Indian community के बीच उपस्थित होना, मेरे लए खुशी और सम्मान की बात है। आज जब मैं आपके सामने खड़ी हूं, तो मैं न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासयों के साहस और उपलब्धियों को देखकर गौरवान्वित हूं।

मेरे साथ, हमारे राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन, साथ ही लोक सभा के दो सांसद, श्री सौमत्र खान और श्री जुगल कशोर भी हैं।

न्यूज़ीलैंड के साथ हमारे संबंध बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। यहाँ का भारतीय समुदाय इस खूबसूरत देश के सामाजिक ताने-बाने का अभन्न अंग बन गया है। भारतीय समुदाय ने यहाँ के वकास और समृद्ध में अहम भूमका निभाई है। व्यवसाय से लेकर शक्षा जगत, स्वास्थ्य सेवा से लेकर प्रौद्योगकी तक, आपका योगदान अमूल्य है।

न्यूज़ीलैंड की आबादी में भारतीय मूल के लोगों की संख्या लगभग 6% है, और आपका प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र में स्पष्ट है। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत ने न केवल आपके परिवारों का उत्थान कया है, बल्कि व्यापक न्यूज़ीलैंड समाज और अर्थव्यवस्था में भी बहुत बड़ा योगदान दिया है। हमारे कई प्रवासी सदस्यों ने इस देश में बहुत ऊँचाइयाँ हासल की हैं। Sir Anand Satyanand, जो 2006 से 2011 तक Governor General थे, का यहाँ और भारत, दोनों जगह अत्यधक सम्मान कया जाता है। इसी तरह, Sir Edmund Hillary भारत में एक जाना-माना नाम हैं। हमारे खेल और सांस्कृतिक संबंध मजबूत रहे हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई

क भारत की पहली हॉकी टीम ने लगभग 100 साल पहले, 1926 में न्यूज़ीलैंड का दौरा कया था।

शक्षा के क्षेत्र में हमारा सहयोग अत्यंत उपयोगी रहा है। हजारों भारतीय छात्र न्यूज़ीलैंड में अध्ययन कर रहे हैं। मुझे यह देखकर प्रसन्नता हुई क न्यूज़ीलैंड के हमारे मत्र yoga, meditation और भारतीय संगीत और नृत्य सीखने के लए भी भारत आ रहे हैं। दोनों देश IIT Delhi में स्थापत India-New Zealand Centre के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। कल Wellington में, मैंने New Zealand International Education Conference को संबोधत कया, जिसमें भारत "Country of Honour" है। यह शक्षा के क्षेत्र में हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के हमारे दोनों देशों के संकल्प को दर्शाता है।

न्यूज़ीलैंड में बसे भारतीय समुदाय का समर्पण, कड़ी मेहनत और रचनात्मक भावना सराहनीय है। ये वे मूल्य हैं, जिन्होंने पीढ़ियों से हमारा मार्गदर्शन दिया है, और भवष्य में भी हमें प्रेरित करते रहेंगे। आप में से हर कोई, अपने-अपने तरीके से भारत का प्रतिनिधत्व करता है। आप अपने साथ हमारी मातृभूम की समृद्ध सांस्कृतिक वरासत लेकर आए हैं, और आपने इसे न्यूज़ीलैंड की ववध संस्कृति के साथ सहजता से मलाया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई क दिवाली, ओणम, होली, बैसाखी और पोंगल जैसे भारतीय त्यौहार पूरे न्यूज़ीलैंड में उत्साह से मनाए जाते हैं। संस्कृतियों का यह सुंदर संगम, भारतीय समुदाय की सबसे बड़ी ताकत है। यह देखकर मुझे खुशी हुई क हमारे दोनों देशों के बीच द्वपक्षीय संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उच्च स्तरीय यात्राओं, व्यापार और प्रतिनिधमंडलों के आदान-प्रदान ने भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच understanding को गहरा करने, और सहयोग के नए रास्ते तलाशने में योगदान दिया है।

कल, Wellington में, Governor General Dame Kiro, प्रधान मंत्री Luxon, और उप प्रधान मंत्री Peters के साथ मेरी बहुत उपयोगी बैठकें हुईं। हमने भारत-न्यूज़ीलैंड साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की, जिसमें भारतीय समुदाय की भी प्रमुख भूमका है।

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है क हम जल्द ही Auckland में एक Consulate खोलेंगे, जिसका उद्देश्य यहां बसे हमारे प्रवासी भारतीयों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना है। मुझे वश्वास है क यह न्यूज़ीलैंड के साथ हमारे diplomatic संबंधों को और बढ़ाने में प्रमुख भूमका निभाएगा।

प्रय भाइयो और बहनो,

कुछ ही दिनों में, भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। आज़ादी के समय से अमृत काल तक, हमारा प्रय देश बहुत आगे बढ़ चुका है। सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र के रूप में, भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का प्रतीक बन गया है। हमने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। Digital India, Make in India और Skill India जैसी initiatives हमारे लाखों नागरिकों को सशक्त बना रही हैं, और वैश्विक सहयोग के अवसर पैदा कर रही हैं।

जैसे-जैसे हम 2047 तक एक वकसत भारत के निर्माण के अपने उद्देश्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं। हम दुनिया भर में अपने प्रवासी भारतीय समुदाय को, अपने सपनों का भारत बनाने की इस यात्रा में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

आपका skill, expertise, और अनुभव हमारे देश की प्रगति के लए मूल्यवान हैं। Business cooperation हो या educational exchanges, आपके पास भारत की development story में योगदान देने और उसका हिस्सा बनने के अनगनत तरीके हैं। इसके अलावा, इस खूबसूरत देश में भारत के प्रतिनिध के रूप में, आप हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमका निभाते हैं। आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने में आपके प्रयास सराहनीय हैं।

मैं इस अवसर पर न्यूज़ीलैंड सरकार और इस महान देश के लोगों की भी सराहना करना चाहती हूं, जिन्होंने भारतीय समुदाय को गर्मजोशी से अपनाया है। आपकी inclusive और welcoming भावना ने हमारे समुदाय को फलने-फूलने और समृद्ध होने में सक्षम बनाया है।

अंत में, मैं दोहराना चाहूंगी क हमें आप सभी पर कतना गर्व है। आपकी उपलब्धियाँ हम सभी के लए प्रेरणा का स्रोत हैं। आइए, हम भारत और न्यूज़ीलैंड के उज्ज्वल भवष्य के लए मलकर काम करना जारी रखें।

धन्यवाद,

जय हिन्द!